नाम तो हनुमान है | by aurav Verma

मुश्किल करे आसान जो वो नाम तो हनुमान है
ये बल के अतुलित धाम हैं महादेव के अवतार हैं

सियाराम के कारज सँवारे लखन जी के प्राण उबारे
राम जो सबके सहारे तुम बने उनके सहारे
दु:ख सिंधु से करे पार जो वो नाम तो हनुमान है
मुश्किल करे आसान जो वो नाम तो हनुमान है

जिस मुख में इनका नाम है चिंता की फिर क्या बात है
भटके नहीं जग में कभी जो हाथ इनके हाथ है
कर दे असंभव को भी संभव मंत्र वो हनुमान है
मुश्किल करे आसान जो वो नाम तो हनुमान है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a4%e0%a5%8b-%e0%a4%b9%e0%a4%a8%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%a8-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-aurav-verma/